# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

क्रमांक/5739/04/विज्ञापन/2024 नवा रायपुर, दिनांक : 23/01/2025

## **शुद्धि- पत्र**

### व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा – 2024
### शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2025/परीक्षा/दिनांक 23/01/2025

**(1)** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा-2024 के कुल 57 रिक्त पदों हेतु विज्ञापन क्रमांक 04/2024/परीक्षा/दिनांक 23/12/2024 जारी कर अभ्यर्थियों से दिनांक 26/12/2024 से 24/01/2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**(2)** माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक 608/2025 दिनांक 22/01/2025 के आधार पर उक्त विज्ञापन की कंडिका 3 (iv) (ब) के संबंध में अंतरिम आदेश पारित किया गया है कि अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का सं. 25) के तहत् एक अधिवक्ता के रूप में नामांकित नहीं होने पर भी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

**(3)** उक्त आदेश के परिपालन में अंतिम आदेश के अध्यधीन ऐसे अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेगें जो अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का सं. 25) के तहत् एक अधिवक्ता के रूप में नामांकित नहीं हैं। उक्त आदेश के परिपालन में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 24/01/2025 में वृद्धि करते हुए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांक 25/01/2025 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 23/02/2025 रात्रि 11:59 बजे तक नियत की जाती है। ऑनलाइन आवेदन में नि:शुल्क त्रुटि सुधार दिनांक 24/02/2025 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 26/02/2025 रात्रि 11:59 बजे तक तथा सशुल्क त्रुटि सुधार दिनांक 27/02/2025 मध्यान्ह: 12:00 बजे से 01/03/2025 रात्रि 11:59 बजे तक किए जा सकेंगे। जो अभ्यर्थी पूर्व में ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। जो अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार करना चाहते हैं वे निर्धारित तिथियों में आवश्यक त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

**(4)** विज्ञापित पदों के लिए की जाने वाली चयन प्रक्रियाएं माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की याचिका क्रमांक 608/2025 कुमारी विनीता यादव विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 22/01/2025 के अनुसार उक्त याचिका के अंतिम परिणाम के अध्यधीन होंगी।

**(5)** विज्ञापन क्रमांक 04/2024/परीक्षा/दिनांक 23/12/2024 की शेष समस्त शर्तें/कण्डिकाएं यथावत रहेंगी।

**सही/-**
**सचिव**
**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
**नवा रायपुर अटल नगर**

≈≈≈≈≈≈